# 9. निर्भय बनो

## स्वाध्याय

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

#### 1) प्रियोदा को सभी लोग क्यों प्यार करते है ?

- प्रियोदा बहुत सेवाभावी लड़का है | प्रत्येक रविवार को वह 'संन्यासी आश्रम' के लिए मुठिया वसुलने निकलता है | स्कूल का कोई छात्र या शिक्षक बीमार हो जाए तो प्रियोदा अपने साथियो के साथ उसकी देखभाल के लिए पहुच जाता है | वह तब तक उसकी सेवा करता है, जब तक वह पूरी भला-चंगा नही हो जाता | अपने साथियो के साथ प्रियोदा बहुत आत्मीय व्यवहार करता है | वह उनके गुणो को विकसित करता और उन्हे निर्भय बनाता है | किसी के बारे में अपशब्द बोलना उसे पसंद नही है | इस प्रकार प्रियोदा की सेवाभावना तथा स्नेहपूर्ण स्वभाव के कारण उसे सब प्यार करते है |

#### 2) प्रियोदा के दल के तीन सदस्यो के नाम और उनकी विशेषताए बताइए |

- प्रियोदा के दल के तीन सदस्य – मनमोहन, सूर्यनारायण और इब्राहीम |
- मनमोहन खूब तेज लड़का है | उसका गला बहुत मीठा है | उसे गाने का शौक है | उसके गाने की सभी प्रशंसा करते है | सूर्यनारायण पढ़ने में कमजोर है पर उसका शरीर मजबूत है, क्योकि वह रोज एक-सौ दंड-बैठक करता है | वह दल के सदस्यो को तैरना सिखाता है | इब्राहीम को अपशब्द 'साला' बोलने की आदत है | सरकारी अफसरो को 'साला' बोलने में उसे कोई बुराई नही लगती | वह दलीलबाजी करता है, फिर भी क्लब के नियमो का पालन करता है |

#### 3) प्रियोदा की टोली कौन-कौन से सेवा कार्य करती है ?

- प्रियोदा की टोली सेवाभावी लड़को का दल है | यह टोली हर रविवार को सुबह 'सन्यासी आश्रम' के लिए मुठिया वसुलती है | इसके लिए उसे कस्बे के मुहल्लों में जाना पड़ता है | स्कुल का कोई छात्र या शिक्षक बीमार पड़ता है तो प्रियोदा की यह टोली उसके घर पहुच जाती है | टोली के सदस्य रोगी के पूरी तरह स्वास्थ हो जाने तक उसकी सेवा करते है | हैजा जैसी बीमारियो में यह टोली लोंगों के लिए वरदान बन जाती है | इस प्रकार प्रियोदा की टोली कई तरह के सेवाकार्य करती है |

#### 4) मनमोहन को तैरना सिखाने की ज़िम्मेदारी किसे सौपी गई ?

- मनमोहन को तैरना सिखाने की ज़िम्मेदारी दल के सदस्य सूर्यनारायन को सौपी गई |सूर्यनारायण ने कहा की एक दिन उठाकर पानी में फेंक दूंगा, तो खुद तैरने लगेगा |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

### 5) इब्राहीम ने किस बात के लिए माफी मांगी ?

- प्रियोदा के दल का नियम था की कोई सदस्य मुह से किसी प्रकार का अपशब्द या गाली नही निकालेगा | इब्राहीम ने सबडिप्टी साहब के अर्दली के लिए 'साला' अपशब्द बोला था | इस तरह उसने दल के नियम को तोड़ा था | प्रोयोदा के 'हॉल्ट' करने पर उसे अपनी गलती का एहसाह हुआ | इसलिए अपनी गलती के लिए उसने माफी मांगी |

### 6) अपशब्द न बोलने के बारे में क्लब का क्या नियम था ?

- प्रियोदा वाणी के शिष्टाचार को महत्व देता था | इसलिए उसने यह नियम बनाया था की दल का कोई सदस्य किसी प्रकार का अपशब्द या गाली अपने मुह से नही निकालेगा | अपशब्द या गाली देने पर 'हॉल्ट' बोलकर उसे चेतावनी दी जाती थी | 'दस' से अधिक बार अपशब्द या गाली मुह से निकालने पर क्लब के सदस्य उसका साथ छोड देते थे |
- इस प्रकार अपशब्द न बोलने के बारे में क्लब का कठोर नियम था |

## 2. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

### 1) प्रियोदा के दल के सदस्य शनिवार की शाम को कहां एकत्र होते है ?

- प्रियोदा के दल के सदस्य शनिवार की शाम को फरमान नदी के उस पार 'बालूचर' पर एकत्र होते है |

### 2) स्कुल की छूट्टी के बाद सभी सदस्य मिलने पर क्या करते है ?

- स्कुल की छुट्टी के बाद सभी सदस्य मिलने पर रविवार का प्रोग्राम तय करते है |

### 3) मनमोहन ने प्रियोदा के पहले प्रश्न के उत्तर में किस भारतीय महापुरुष का नाम लिया ?

- मनमोहन ने प्रियोदा के पहले प्रश्न के उत्तर में महात्मा गांधी का नाम लिया |

### 4) पक्षी को गोली किसने मारी थी ?

- पक्षी को गोली सब-डिप्टी साहब ने मारी थी |

### 5) प्रियोदा के मुह से 'हाल्ट' शब्द क्यो निकला ?

- 'साला' शब्द के प्रयोग पर इब्राहीम को उसकी गलती का एहसास कराने के लिए प्रियोद के मुह से 'हाल्ट' शब्द निकाला |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

### 6) सड़क के दोनों ओर कौन-से वृक्ष थे ?

- सड़क के दोनों ओर पीपल के बड़े-बड़े वृक्ष थे।

## 3. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्य में उत्तर लिखिए :

### 1) कस्बे के अधिकांश लोग प्रियोदा और साथियो को क्यो पहचानते थे ?

- प्रियोदा और उसके साथी हर रविवार की सुबह 'सन्यासी आश्रम' के लिए मुठिया माँगकर लाते थे | स्कूल के किसी छात्र या शिक्षक के बीमार पड़ने पर वे उसके होने तक उसकी सेवा करते थे | उनके इसी सेवाभाव के कारण कस्बे के अधिकांश लोग प्रियोदा और उसके साथियो को पहचानते थे |

### 2) प्रियोदा की टोली शनिवार को स्कुल से छूटने के बाद क्या करती है ?

- शनिवार को स्कुल से छूटने के बाद प्रियोदा की टोली बालूचर पर जमा होती है | खेल-कूद, गाने-बजाने के बाद प्रियोदा दुनियाभर की खबरे सुनाते है | फिर वे रविवार की सेवा का कार्यक्रम तय करते है |

### 3) मनमोहन को तैरना सिखाने के बारे में सूर्यनारायण ने क्या कहा ?

- मनमोहन को तैरना सिखाने की ज़िम्मेदारी सूर्यनारायण को सौपी गई थी | इस बारे में उसने कहा की एक दिन उसे उठाकर पानी मे फेंक दूंगा, तो खुद तैरने लगेगा |

### 4) पुल के पास गाड़ीवान क्या कर रहा था ?

- प्रियोदा के दल के सभी सदस्य घर लौट रहे थे | उन्होने देखा की पुल के पास एक गाड़ीवान तन्मय होकर एक लोकगीत गा रहा था |

### 5) मनमोहन का भय दुरा करने के लिए प्रियोदा ने क्या किया ?

- मनमोहन का भाय दुर करने के लिए प्रियोदा उसे उस रास्ते से ले गए जो बिलकुल सुनसान और डरावना था | उन्होने मनमोहन को वह उजड़ा मकान दिखाया जंहा पहले मुर्दों की चीर-फाड़ होती थी | लोग मानते थे की वहा आसपास के पेंडो पर अब भी भूत-पिशाच रहते है और प्रेतनिया झुंड बनाकर नाचती है |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

### 6) भुत-प्रेत के बारे में प्रियोदा ने मनमोहन से क्या कहा ?

- भुत-प्रेत के बारे में प्रियोदा ने मनमोहन से कहा की दास काम करनेवाला तो खुद भुत होता है | जो खुद भुत है, उसे दूसरे भुत से क्या डर ?

### 7) प्रियोदा की टोली का रविवार को क्या कार्यक्रम होता था ?

- रविवार को प्रियोदा की टोली पहले से निर्धारित मुहल्ले में मुठिया वसूलने जाती थी ? इसी तरह टोली के कुछ लोग बीमार व्यक्ति की सेवा करने जाते थे |

## 4. सविस्तर समजाइए :

### 1) सूरज पश्चिम की और झुक गया |

- प्रियोदा और उसके साथी बहुत देर तक बांते करते रहे | धीरे-धीरे शाम होने को आई | सूर्य पश्चिम दिशा में डूबने की तैयारी करने लगा |

### 2) दस और देश का काम करनेवाला तो खुद भूत होता है - उसको भूत क्या कर सकता है ?

- दस का और देश का काम करनेवाले को समय-असमय यहा-वंहा जाना पड़ता है | वह न दिन देखता है, न रात, जो करना है, उसे करने चल पड़ता है | कही पर भी और किसी भी रास्ते से जाने में वह नही डरता | इस तरह वह खुद भी भुत बन जाता है | तुमको भी दस और देश का काम करने के लिए इस तरह भूत बनाता है | इसलिए तुम्हें निर्भय बनाना चाहिए |

### 3) राम रहीम न जुदा करो भाई, दिल को सच्चा रखना जी...

- राम और रहीम दोनों एक ही ईश्वर के दो अलग-अलग नाम है | दोनों को अलग-अलग समझना भूल है | मन की पवित्रता जरूरी है | मन पवित्र हो तो राम और रहीम का भेद अपने आप मीट जाता है |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

5. सही जोड़े मिलाइए :

| विभाग 'अ' | विभाग 'ब' |
|---|---|
| मनमोहन | पहलवान |
| प्रियव्रत राय | खचड़ा |
| सूर्यनारायण | एक नदी |
| डिप्टी का अर्दली | मैट्रिक का विद्यार्थी |
| परमान | हैज़े से डरनेवाला |

- मनमोहन - हैज़े से डरनेवाला
- प्रियव्रत राय - मैट्रिक का विद्यार्थी
- सूर्यनारायण - पहलवान
- डिप्टी का अर्दली - खचड़ा
- परमान - एक नदी

6. शब्द समूह के लिए एक- एक शब्द लिखिए :

1) दूसरों के किए हुए उपकार को माननेवाला – कृतज्ञ
2) दूसरों के किए गए उपकार को न माननेवाला – कृतघ्न
3) मुर्दों के चीर-फाड़ की जगह – पोस्टमार्ट्म हाउस
4) जंहा बीमारों को भर्ती करके इलाज होता है – अस्पताल

7. [1] विरुद्धार्थी शब्द लिखिए :

1) गरीब – अमीर
2) प्यार – नफरत
3) स्वस्थ – अस्वस्थ
4) गलत – सही
5) उजड़ा – हराभरा

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

7. [2] दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए :

1) सुबह - प्रभात
2) शाम - साँझ
3) दल - झुंड
4) कमजोर - दुर्बल
5) मकान – घर

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in